# वीडियो से आईटी स्किल सीखेंगे छात्र

**पहल**

**ऋषिकेश | हमारे संवाददाता**

राजकीय ऑटोनॉमस महाविद्यालय ऋषिकेश के छात्र-छात्राएं आईआईटी मुंबई के आईटी स्किल स्पोकन ट्यूटोरियल प्रोग्राम से आईटी स्किल सीख सकेंगे। भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय ने ऋषिकेश स्थित महाविद्यालय को आईआईटी मुंबई के आईटी स्किल स्पोकन ट्यूटोरियल प्रोग्राम से लिंक किया है।

राजकीय ऑटोनामस महाविद्यालय ऋषिकेश के भौतिक विज्ञान की एसोसिएट प्रोफेसर डा. सुमिता श्रीवास्तव ने बताया कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ऑल एजुकेशन थ्रो इंफॉर्मेशन एंड कम्यूनिकेशन टेक्नोलॉजी के तहत आईआईटी मुंबई के आईटी स्किल स्पोकन ट्यूटोरियल प्रोग्राम से लिंक कर दिया गया है।

## प्रमाणपत्र मिलेंगे

- आईआईटी मुंबई से जुड़ा राजकीय ऑटोनॉमस महाविद्यालय
- परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को आईटी स्किल में प्रमाण पत्र मिलेंगे

बताया कि यह उत्तराखंड का पहला महाविद्यालय है जो इस प्रोग्राम हेतु आईआईटी मुंबई से लिंक किया गया है। इससे कॉलेज के छात्र-छात्रओं को काफी फायदा मिलेगा।

यह प्रोग्राम फ्री एंड ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर को उपयोग करने की विधि बताता है। कहा कि प्रोग्राम में नामांकन के पश्चात महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं आईआईटी मुंबई द्वारा तैयार किए गए वीडियो को सुनकर स्पोकन ट्यूटोरियल प्रोग्राम सीखेंगे। छात्र-छात्राएं कई नई जानकारियों से रूबरू होंगे और उनके ज्ञान में वृद्धि होगी। प्रशिक्षण के बाद आईआईटी मुंबई द्वारा आयोजित ऑनलाइन परीक्षा पास करनी होगी।

परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को आईटी स्किल में प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। बताया कि सभी संकाय के छात्र-छात्राएं इस प्रोग्राम का लाभ उठा सकते हैं और यह प्रोग्राम हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है।

इसके माध्यम से लिब्र ऑफिस, बायो पाइथन, साईलैब आदि कई निशुल्क सॉफ्टवेयर सीख सकेंगे। उन्होंने बताया कि उन्हें इस प्रोग्राम का समन्वयक बनाया गया है।